	1963-69	1969-70	1970-71
विलिंग्डन मेन अस्पताल, दिल्ली	1876 39	1768·60	1369 35
सेन्ट्रल अस्पताल, नयी दिल्ली	618 81	764 91	718 68

(ग) और (घ) : साधारणत निदान की आवश्यकताओं के अनुसार औषधि का भण्डार रखा जाता है। मरीजों के लिए और अधिक स्थान की व्यवस्था करने के उद्देश्य से सेन्ट्रल अस्पताल, नयी दिल्ली में एक नया ब्लाक बनाया जा रहा है जिसमें 70 खाटें दिल्ली मेन अस्पताल से अन्तरित की जायेंगी और 30 अतिरिक्त खाटों की व्यवस्था की जायेगी। दिल्ली मेन अस्पताल की पुरानी इमारत जिसमें अन्तरंग मरीज रखे जाते है, बहिरंग पाली क्लिनिक के रूप में उपयोग में लायी जायेगी। पुरानी दिल्ली अस्पताल के अहाते की अन्य इमारतों को गिरा दिया जायेगा क्योंकि उनकी आयु-सीमा खत्म हो गयी है उनकी मरम्मत का निर्णय औचित्य नहीं है। दिल्ली मेन अस्पताल में बहिरंग मरीजों के लिए पूरी सुविधाएं मिलती रहेंगी जिनमें प्रयोगशाला, एक्सरे और वर्तमान कनिष्ठ विशेषज्ञ शामिल है।

उदयपुर (राजस्थान) में गांवों को बिजली की सप्लाई

3088. **श्री लालजी भाई** : क्या सिंचाई और विद्युत् मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उदयपुर में ऐसे गांवों की सख्या कितनी है जिन्हें गांधी सागर बांध से अब तक बिजली दी जा चुकी है;

(ख) भविष्य में इस बांध से और कितने गांवों को बिजली सप्लाई की जायेगी, और

(ग) इस कार्य को कब तक पूरा किया जाएगा ?

सिंचाई और विद्युत् मंत्रालय में उपमंत्री (श्री बैजनाथ कुरील) : (क) से (ग). उदयपुर और राजस्थान में कुछ अन्य क्षेत्रों के लिए बिजली की सप्लाई चम्बल ग्रिड से होती है जिसे गांधी सागर तथा अन्य विद्युत् केन्द्रों से बिजली मिलती है। उदयपुर में 3159 ग्रामों में से अब तक जिन ग्रामों में बिजली दी जा चुकी है उनकी सख्या 315 है। 1972-73 के दौरान 81 अन्य ग्रामों के विद्युतकरण होने की सम्भावना है।

उदयपुर के लिये माल डिब्बों की आवश्यकता

3089. **श्री लालजी भाई** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत वर्ष में उदयपुर (राजस्थान) के व्यापारियों ने कितने माल डिब्बों की माग की थी। और बड़े व्यापारियों तथा अन्य व्यक्तियों को अलग अलग (व्यापारी-वार) कितने माल डिब्बे उपलब्ध कराये गये थे, और

(ख) किस व्यापारी को अधिकतम माल डिब्बे उपलब्ध कराये गये थे और उसको कितने माल डिब्बे उपलब्ध कराये गये थे ?

रेल मंत्री (श्री के० हनुमन्तैया) : (क) पिछले वर्ष उदयपुर (राजस्थान) के व्यापारियों द्वारा मांगे गये माल डिब्बों की सख्या 8, 654 और उन्हें सप्लाई किये गये माल डिब्बों की सख्या 6,131 थी। बड़े व्यापारियों और दूसरों को जिनमें माल डिब्बे सप्लाई किये गये उनकी संख्या नीचे दी हुई है :—